जनपद- हमीरपुर

थाना ललपुरा **दिनांक 10.11.2026**

थाना ललपुरा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 06 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस कार्यवाही-

आज दिनांक 10.11.2026 को जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना ललपुरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु चेकिंग एवं गश्त की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम ललपुरा स्थित चन्दार बाबा मंदिर के तालाब के बगल में नीम के पेड़ के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेले जाने की जानकारी प्राप्त हुई।

सूचना पर थाना ललपुरा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ के ₹4,000/- एवं जामा तलाशी के ₹3,000/-, कुल ₹7,000/- नगद तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए। उक्त प्रकरण में थाना ललपुरा पर मु0अ0सं0 90/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. पुनीत पुत्र विजय, उम्र करीब 30 वर्ष।
2. दीपू पुत्र जगतनारायण, उम्र करीब 33 वर्ष।
3. मनीष पुत्र रामपाल यादव, उम्र करीब 26 वर्ष।
4. राजू पुत्र स्व0 छिद्दू, उम्र करीब 40 वर्ष।
5. अजय पुत्र पूरन, उम्र करीब 22 वर्ष।
6. संदीप पुत्र पूरन, उम्र करीब 25 वर्ष,

समस्त निवासीगण ग्राम ललपुरा, थाना ललपुरा, जनपद हमीरपुर।

बरामदगी का विवरण-

मालफड़ से ₹4,000/- नगद, जामा तलाशी से ₹3,000/- नगद, 52 अदद ताश के पत्ते।

कुल ₹7,000/- नगद एवं 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 प्रमोद कुमार	2. हे0का0 विपिन मिश्रा
3. का0 शुभम दुबे	4. का0 शिवदत्त
5. का0 विनय कुमार बिन्द	6. का0 ऋषभ मिश्रा
7. का0 अनुराग	8. का0 पंकज कुमार पाल